**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 15.12.2024**

**थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ अवैध गांजा सहित 01 अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद।**

थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14.12.2024 को चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ अवैध गांजा सहित अभियुक्ता रागिनी पत्नी धर्मेन्द्र निवासी श्रीराम एन्क्लेव लालकुआं थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद उम्र 42 वर्ष को हाईटेक चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। अभियुक्ता के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्ता ने पूछताछ में बताया कि साहब मैं चोरी-छिपे गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर नशा करने वाले लोगों को अच्छे दामों में बेचकर लाभ कमाती हूँ। मैं गांजा की पुड़िया बेचने निकली थी कि पुलिस चेकिंग में पकडी गई।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम/पता**

रागिनी पत्नी धर्मेन्द्र निवासी श्रीराम एन्क्लेव लालकुआं थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद,उम्र 42 वर्ष

**बरामदगी का विवरण**

मादक पदार्थ 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

अभियुक्ता के विरुद्ध जनपद गौतमबुद्धनगर (थाना बादलपुर व थाना सेक्टर-58) में एनडीपीएस एक्ट के 02 अभियोग एवं जनपद गाजियाबाद में थाना कविनगर पर 01 अभियोग एससी/एसटी एक्ट का पंजीकृत है तथा थाना वेव सिटी पर एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

थाना वेव सिटी पुलिस टीम।

**थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा शेयर ट्रेडिंग फ्राड करने वाला 02 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल बरामद।**

श्री राहुल निगम निवासी इंदिरापुरम गाज़ियाबाद फेसबुक के माध्यम से whatsapp ग्रुप से जुड़े, वहां से लिंक के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट के माध्यम से फर्जी शेयर ट्रेडिंग द्वारा साइबर अपराध कारित कर अभियुक्तों द्वारा 23.45 लाख रुपये की ठगी कर ली। फर्जी शेयर ट्रेडिंग हेतु अपराधियों ने फर्जी वेबसाइट trade.quantum-

capital.info बनाकर घटना को अंजाम दिया, इस फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप/वेबसाइट पर शेयर ट्रेडिंग हेतु झांसा देकर, विभिन्न बैंक खातों में पैसा जमा करवाया। जब इन ट्रेडिंग से कमाया हुआ पैसा पीडित श्री राहुल निगम ने निकालने का प्रयास किया, पैसा नहीं निकाल पाने पर उन्हे अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड का पता चला।

उक्त घटना के सम्बन्ध में वादी श्री राहुल निगम द्वारा दिनांक 07.11.2024 को थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियोग की विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन पर 14.12.2024 को घटना के अभियुक्त प्रदीप यादव तथा शुभम वशिष्ठ को कोतवाली क्षेत्र गाजियाबाद से अभियोग अंतर्गत धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5)/204/308(2)/351(4) BNS & 66(D) IT ACT में गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्त प्रदीप यादव जो कि दूध बेचने का काम करता है, ने अपने मित्र शुभम वशिष्ठ के कहने पर बैंक ऑफ इंडिया में अपना बैंक खाता खुलवाया तथा कमीशन पर खाता को शुभम वशिष्ठ को दे दिया। शुभम वशिष्ठ गाज़ियाबाद निवासी आयुष त्यागी तथा विजय शर्मा के लिए काम करता है। ये लोग साइबर अपराध कारित कर पीड़ित से पैसे विभिन्न खातों में ट्रान्सफर करवा कर निकाल लेते हैं। आयुष त्यागी तथा विजय शर्मा ने राजनगर एक्सटैन्शन में इस काम के लिए एक ऑफिस भी खुलवा रखा है। ये लोग एक बड़े गैंग का हिस्सा हैं, जो विदेशों में बैठ कर सोशल मीडिया पर अधिक लाभ का लालच देने वाले विडियो दिखा कर फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप/ वैबसाइट बनाकर, लोगों को डाउनलोड करवा कर, फर्जी शेयर ट्रेडिंग करवाने के नाम पर उनके पैसे विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लेते हैं। आयुष त्यागी और विजय शर्मा की तलाश की जा रही है, इन दोनों के संबंध विदेश में बैठे अपराधियों से हैं।


**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1. प्रदीप यादव s/o सुंदर सिंह यादव निवासी 499 दौलत पुरा गाज़ियाबाद उम्र 28 वर्ष शिक्षा 8 वीं।
2. शुभम वशिष्ठ s/o सुभाष चन्द्र वशिष्ठ निवासी म.न. 59 गली न. 9 ओल्ड आर्य नगर गाज़ियाबाद उम्र 27 वर्ष शिक्षा B.Com.

**बरामदगी का विवरण**

1. एक मोबाईल फोन सैमसंग रंग लाइट ब्लू।
2. एक मोबाइल एप्पल आइ फोन रंग डार्क ब्लू।

**शेयर ट्रेडिंग फ्रौड हेतु प्रयोग किया गया कूट रचित मोबाइल एप**




| Order ID | Create Time | Close Time | Instrument | Type | Volume | Open Price | Close Price | Take Profit | Stop Loss | Swap | Final Profit $ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 164632 | 2024-08-05 07:40:32 | 2024-08-05 11:23:34 | CrudeOIL | BUY | 2 | 72.01 | 71.80 | - | - | - | -440.00 |
| 163903 | 2024-08-02 08:15:38 | 2024-08-02 12:56:22 | BRENT_OIL | BUY | 3 | 79.11 | 79.61 | - | - | - | 1 470.00 |
| 163123 | 2024-08-01 08:06:28 | 2024-08-01 09:52:35 | CrudeOIL | BUY | 2 | 78.66 | 78.70 | - | - | - | 2.00 |
| 162784 | 2024-07-31 14:01:24 | 2024-07-31 16:29:57 | BRENT_OIL | BUY | 2 | 80.20 | 80.35 | - | - | - | 280.00 |
| 161860 | 2024-07-30 13:42:40 | 2024-07-30 14:10:25 | GOLD | BUY | 1 | 2 380.00 | 2 387.53 | - | - | - | 1 036.30 |
| 161463 | 2024-07-30 08:54:42 | 2024-07-30 11:26:50 | BRENT_OIL | BUY | 2 | 77.90 | 78.94 | - | - | - | 2 060.00 |
| 160621 | 2024-07-29 12:50:23 | 2024-07-29 15:13:24 | GOLD | BUY | 2 | 2 285.65 | 2 395.82 | - | - | - | 2 203.31 |
| 160412 | 2024-07-29 09:47:51 | 2024-07-29 13:13:45 | CrudeOIL | BUY | 0.5 | 70.30 | 76.70 | - | - | - | 3 195.00 |
| 160140 | 2024-07-29 08:15:48 | 2024-07-29 12:49:37 | BRENT_OIL | BUY | 10 | 80.00 | 80.14 | - | - | - | 1 300.00 |
| 160130 | 2024-07-29 08:13:25 | 2024-07-29 08:13:36 | AUD/CAD | BUY | 0.7 | 0.90640 | 0.90640 | - | - | - | 14.00 |
| 158819 | 2024-07-26 07:38:22 | 2024-07-26 11:38:46 | BRENT_OIL | BUY | 10 | 81.80 | 82.06 | - | - | - | 2 500.00 |
| 157075 | 2024-07-25 07:48:14 | 2024-07-25 10:57:30 | CrudeOIL | BUY | 7 | 76.75 | 76.81 | - | - | - | 420.00 |
| 155985 | 2024-07-24 07:11:35 | 2024-07-24 11:41:29 | BRENT_OIL | BUY | 1 | 81.20 | 81.55 | - | - | - | 1 450.00 |
| 155517 | 2024-07-23 13:27:33 | 2024-07-23 14:42:44 | BRENT_OIL | BUY | 1 | 81.70 | 81.80 | - | - | - | 90.00 |
| 155013 | 2024-07-23 08:10:41 | 2024-07-23 13:26:02 | BRENT_OIL | BUY | 2 | 81.00 | 82.17 | - | - | - | 7 480.14 |
| 153584 | 2024-07-22 07:42:16 | 2024-07-22 14:59:14 | BRENT_OIL | BUY | 1.5 | 81.70 | 81.97 | - | - | - | 390.00 |
| 152555 | 2024-07-19 08:07:24 | 2024-07-19 12:19:00 | BRENT_OIL | BUY | 1.3 | 84.49 | 84.93 | - | - | - | 569.00 |
| 151378 | 2024-07-18 08:16:36 | 2024-07-18 10:04:37 | AUD/CAD | BUY | 0.7 | 0.92160 | 0.92154 | - | - | - | 11.54 |
| 151359 | 2024-07-18 08:10:16 | 2024-07-18 12:28:44 | BRENT_OIL | BUY | 0.8 | 84.00 | 85.04 | - | - | - | 824.00 |
| 150114 | 2024-07-17 07:45:17 | 2024-07-17 09:37:44 | AUD/CAD | BUY | 0.7 | 0.92139 | 0.92171 | - | - | - | 1.76 |
| 149041 | 2024-07-16 08:10:03 | 2024-07-16 10:12:32 | BRENT_OIL | BUY | 0.7 | 84.00 | 84.19 | - | - | - | 126.00 |

**थाना मधुबन बापूधाम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा प्लाट पर रास्ते के विवाद को लेकर आपस में मारपीट एवं फायरिंग करने वाले दोनो पक्षो के 05 अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.12.24 को पीआरवी 4882 से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम दुहाई में मेरठ रोड पिलर नं- 741 भगत जी स्वीट के पास दो पक्ष प्लाट में से रास्ता निकालने को लेकर झगड़ा कर रहे हैं। एक पक्ष के द्वारा फायरिंग किये जाने की सूचना है पुलिस मौके पर पहुंची। आज प्लाट पर रास्ते के विवाद को लेकर आपस में मारपीट एवं फायरिंग करने के सम्बन्ध में थाना मधुबन बापूधाम पर मु0अ0सं0 439/24 धारा 190/191(2)/191(3)/109(1)/115(2)/121(1)/352/353 बीएनएस तथा 7 आपराधिक कानून **(संशोधन ) अधि 1932** पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त गण**

1.मोनू उर्फ अमरवीर निवासी ग्राम दुहाई थाना मधुबन बापूधाम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 33 वर्ष।
2. अनुज पुत्र वीरेन्द्र निवासी ग्राम दुहाई थाना मधुबन बापूधाम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 39 वर्ष।
3.बीरेन्द्र उर्फ वीरेन्द्र पुत्र हरपाल निवासी ग्राम दुहाई थाना मधुबन बापूधाम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 59 वर्ष।
4.मोंटू उर्फ निखिल पुत्र अनिल निवासी ग्राम दुहाई थाना मधुबन बापूधाम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 34 वर्ष।
5. सुधीर पुत्र चतरपाल निवासी ग्राम दुहाई थाना मधुबन बापूधाम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 52 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

पुलिस टीम थाना मधुबन बापूधाम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**साइबर क्राइम जागरूकता अभियान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद**

आज दिनांक 15.12.2024 को समय 13:00 बजे, कृष्णा एन्क्लेव पार्क, राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में श्री राजकुमार त्यागी(अध्यक्ष) फ्लैट ओनर्स फेडरेशन, सेवानिवृत्त कैप्टन श्री गोपाल सिंह (महासचिव), श्री शरद सिंघल(वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ प्रमुख), डा0 नितिका शुक्ला(अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रमुख), श्री मनोज कुमार अग्रवाल (मीडिया प्रभारी), गाजियाबाद द्वारा थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट गाजियाबाद के सहयोग से साइबर क्राइम से बचाव हेतु फ्लैट ओनर्स फेडरेशन द्वारा

संचालित किया गया। इस साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी लोगो ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में श्री सच्चिदानन्द, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध एवं श्री सन्तोष कुमार तिवारी, थाना प्रभारी थाना साइबर, क्राइम कमिश्नरेट गाजियाबाद ने लोगों को साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा लोगों के साइबर क्राइम सम्बन्धी जिज्ञासाओं को शान्त किया।

इस साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोगों को साइबर अपराध से बचाव हेतु अपराध वार जागरूक किया गया।

1. **शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड**

   साइबर अपराधी इन्स्टाग्राम/फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग सम्बन्धित AI द्वारा बनाये गये प्रतिष्ठित व्यक्तियों के फेक वीडियो विज्ञापन द्वारा प्रलोभित कर शेयर ट्रेडिंग सम्बन्धित टिप्स देने के लिये WhatsApp ग्रुप पर पीडित को जोड़कर एवं फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड कराते हैं। इन फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप पर शेयर ट्रेडिंग हेतु झांसा देकर, विभिन्न बैंक खातों में पैसा जमा कराते हैं। जब इन ट्रेडिंग से कमाया हुआ पैसा पीडित निकालने का प्रयास करता है तो विभिन्न टैक्स के नाम पर अतिरिक्त पैसे जमा कराने की कोशिश करते हैं। जब पीडित पैसा नहीं निकाल पाता तब उसे अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड का पता चलता है।

   ऐसे शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड से बचने के लिये शेयर ट्रेडिंग सदैव अधिकृत कम्पनी के माध्यम से ही करें। शेयर ट्रेडिंग हेतु अधिकृत कम्पनी के ही बैंक एकाउण्ट में पैसा जमा करें। प्रत्येक शेयर ट्रेड के बाद सम्बन्धित कम्पनी से शेयर एलॉटमेंट की ईमेल चेक करें। Institutional Account द्वारा कम्पनी से सीधे IPO दिलाने के झाँसे में न आयें।

2. **टेलीग्राम टास्क फ्रॉड**

   साइबर अपराधी वर्क फ्रॉम होम के जरिये घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर Telegram या WhatsApp के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों के Google रिव्यू देने पर पैसे मिलने का लाभ दिखाते हैं। शुरुआत में Google रिव्यू टास्क कराकर कुछ पैसे पीडित को देते हैं, उसके बाद Prepaid Task के नाम पर पैसे जमा करवाते हैं। इस टास्क के माध्यम से कमाये गये पैसे जब पीडित निकालने का प्रयास करता है तो ये अपराधी और टास्क Complete करने को या पैसा निकालने के लिये विभिन्न टैक्स जमा कराने के नाम पर और अधिक पैसे जमा कराते हैं। पीडित ज्यादा पैसा पाने के लालच में टैक्स के नाम पर या टास्क कम्पलीट करने के नाम पर और पैसे जमा करते जाते हैं। पीडित जब पैसे नहीं निकाल पाता तब उसे अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड का पता चलता है।

   ऐसे टेलीग्राम टास्क फ्रॉड से बचने के लिये वर्क फ्रॉम होम के नाम पर टेलीग्राम या व्हाटसएप मैसेज को रेस्पॉन्ड करने से बचें। गूगल रिव्यू के नाम पर प्रीपेड टास्क से बचें। किसी भी अधिकृत कम्पनी द्वारा विभिन्न नाम के बैंक एकाउण्ट का प्रयोग नहीं किया जाता है।

3. **सेक्सटॉर्सन फ्रॉड**

   सेक्सटॉर्सन फ्रॉड में साइबर अपराधियों द्वारा फेसबुक मैसेंजर/व्हाटसअप पर 20 से 65 वर्ष की उम्र के पुरुषों की Profile फोटो देखकर उन्हें टारगेट बनाया जाता है। के माध्यम से चैटिंग की जाती है तथा पीड़ित की समस्त सोशल मीडिया एकाउण्ट की जानकारी कर लेते है। पीडित के मोबाइल पर WhatsApp / फेसबुक मैसेंजर से Video Call लड़कियों से कराते हैं। Video Call पर लड़की अपने कपड़े निकाल देती है तथा इस Video Call की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली जाती है। इसके बाद साइबर अपराधियों द्वारा पीडित को पुलिस अधिकारी/ YouTube अधिकारी

बनकर YouTube पर वीडियो वायरल करने तथा पीडित के परिचितों की सोशल मीडिया से डिटेल लेकर उनको भेजने का भय दिखाकर ब्लैकमेल कर पैसे वसूलते हैं।

ऐसे सेक्सटॉर्सन फ्रॉड से बचने के लिये अन्जान लोगों की वीडियो कॉल न उठायें। अपनी निजी जानकारी, फोटो, वीडियो इत्यादि सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें, सोशल मीडिया प्रोफाइल की ''प्राइवेसी सेटिंग्स'' में यह चयन करने का विकल्प देती है कि कौन आपके पोस्ट व फोटो देख सकता है एवं फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज सकता है। इन्हीं सेटिंग्स में "My Friends Only" सेटिंग का चयन कर अनजान लोगों को अपने प्रोफाइल तक पहुँचने से रोकें अगर आपके साथ सेक्सटॉर्सन का साइबर फ्रॉड हो जाता है तो तत्काल पुलिस से शिकायत करें एवं अपराधियों को पैसे न दें।

**4. फेडेक्स कोरियर / डिजिटल अरेस्ट**

साइबर अपराधियों द्वारा पीडित के पास FedEx Courier के नाम से फोन कॉल की जाती है कि आपके नाम से Courier बुक कराया गया है, जिसमें US Dollar, Drugs, Mobile Sim, Fake Passport आदि मिले हैं, जिसकी शिकायत नारकोटिक्स सेल को कर दी गयी है। FedEx Courier वाला नारकोटिक्स सेल वालों को कॉल ट्रांसफर करने का दिखावा करता है। नारकोटिक्स सेल वाला Skype app पर वीडियो कॉल से जुडने के लिये कहकर वीडियो कॉल पर पीडित को ले लेते हैं और उसे Fake पुलिस अधिकारी ID , Arrest Warrant शेयर करते हैं। साइबर अपराधी Skype Video Call पर पीडित को बैकग्राउण्ड में पुलिस थाने का सेटअप दिखाकर पीडित को डराकर उसके अकाउंट की डिटेल लेकर अपने खातों में पैसे ट्रॉस्फर करा लेते हैं। चूँकि इस अपराध के दौरान साइबर अपराधी पीडित को डराकर उसे किसी से सम्पर्क नही करने तथा घर से बाहर नहीं निकलने देते इसलिये इसे मीडिया द्वारा डिजिटल अरेस्ट कहा जाता है।

ऐसे फेडेक्स कोरियर / डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड से बचने के लिये कोरियर सम्बन्धित किसी भी अनजान कॉल पर रेस्पॉन्ड न करें , स्काइप वीडियो कॉल से न जुड़ें , बैंक के एकाउण्ट डिटेल न दें। इस तरह की कॉल आने पर पुलिस से तत्काल शिकायत करें।

**5. पुलिस थ्रेट फ्रॉड**

साइबर अपराधी पुलिस वाला बनकर पीडित को कॉल कर कहते हैं कि आपका बेटा रेप केस में या बेटी ड्रग्स के केस में फंस गई है। Artificial Intelligence का प्रयोग कर सोशल मीडिया से उसकी आवाज की कॉपी कर उस बच्चे की रोते हुए एवं बचाने की आवाज सुनवाकर पीडित को पूरी तरह झांसे मे ले लेते हैं। पीडित से साइबर अपराधी कहता है कि अगर तुरन्त पैसे ट्रांसफर कर दो तो वो उसे छोड़ देंगे। पीडित भयवश पैसे ट्रांसफर कर देता है। पीडित को बाद में अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड का पता चलता है।

ऐसे पुलिस थ्रेट फ्रॉड से बचने के लिये इस तरह की कॉल आने पर सबसे पहले अपने बच्चे से सम्पर्क करें इस तरह की कॉल आने पर पुलिस से तत्काल शिकायत करें।

**6. फोन हैक / कस्टमर केयर फ्रॉड**

पीडित जब गूगल पर किसी कम्पनी/बैंक आदि के कस्टमर केयर का नम्बर सर्च कर कम्पनी/बैंक की अधिकृत बेवसाइट से नम्बर न लेकर अन्य जगह से नम्बर ले लेता है जोकि साइबर अपराधियों का नम्बर होता है। पीडित इन नम्बरों पर कॉल करता है तो साइबर अपराधी उसकी समस्या हल करने के लिए कम्पनी का कस्टमर केयर एप के नाम पर Remote Access App की APK फाइल/ऐप डाउनलोड कराकर मोबाइल का रिमोट कन्ट्रोल एक्सेस ले लेते हैं

। पीडित के मोबाइल को हैक कर उसका कन्ट्रोल लेकर उसके मोबाइल बैंकिग का उपयोग कर पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लेते हैं।

ऐसे फोन हैक / कस्टमर केयर फ्रॉड से बचने के लिये कस्टमर केयर का नम्बर सदैव अधिकृत बेवसाइट से ही लें। किसी भी अनधिकृत लिंक के माध्यम से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। इस तरह कोई ऐप यदि मोबाइल में डाउनलोड हो जाये तो मोबाइल का इन्टरनेट तुरन्त बन्द कर दें तथा तत्काल पुलिस से शिकायत करें।

<u>CYBERDOST</u>

I4C द्वारा साइबर क्राइम के प्रति लोगों जागरूक करने के लिये Cyberdost के नाम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। Cyberdost से सोशलमीडिया प्लेटफार्म पर जुडने के लिये WhatsApp की Settings में जाकर Updates में Cyberdost को Search कर Channel को Follow करें। इसके अलावा निम्न दिये हुये सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी Cyberdost Channel को Follow कर सकते हैं।

## **<u>साइबर क्राइम होने पर क्या करें</u>**

- वित्तीय साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर कॉल करें
- सभी प्रकार की साइबर अपराध की घटना पर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।
- अपने थाने की साइबर सेल से सम्पर्क करें।